# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विज़िट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, मंगलवार 22 जनवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-114

## महत्वपूर्ण एवं खास

### रेलवे में खाली हैं 3 लाख से ज्यादा जगहें

**आरटीआई के जवाब में बताया**

नई दिल्ली (आरएनएस)। मोदी सरकार गरीबों के लिए 10 प्रतिशत का आरक्षण का बिल तो ले आई लेकिन विपक्ष इस बात को लेकर हमलावर है कि देश में रोजगार देने में सरकार फेल है। विपक्ष का कहना है कि देश में लगातार बेरोजगारी बढ़ रही है। सवाल है कि क्या सरकार ने रिक्तियों को भरने के प्रयास किए हैं? भारतीय रेलवे दुनिया में सबसे बड़े रोजगार देने वालों में से एक है लेकिन पर्याप्त रोजगार देने के मामले में यह भी कमजोर नजर आई। यह बात एक आरटीआई के जवाब में सामने आई है।

### रेल मंत्री पीयूष गोयल ने की रेलवे स्टेशनों पर 'कुल्हड़ों' की वापसी

नई दिल्ली (आरएनएस)। रेलवे स्टेशनों पर कुल्हड़ों की जल्द वापसी होने वाली है। पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद ने 15 साल पहले रेलवे स्टेशनों पर 'कुल्हड़' की शुरुआत की थी, लेकिन प्लास्टिक और पेपर के कपों ने चुपके से कुल्हड़ की जगह हथिया ली।

उत्तर रेलवे एवं उत्तर पूर्व रेलवे के मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक बोर्ड की ओर से जारी परिपत्र के अनुसार रेल मंत्री पीयूष गोयल ने वाराणसी और रायबरेली स्टेशनों पर खान-पान का प्रबंध करने वालों को टेराकोटा या मिट्टी से बने 'कुल्हड़ों', ग्लास और प्लेट के इस्तेमाल का निर्देश दिया है।

### जवाहरबाग हिंसा मामले में 45 आरोपी दोषी, 3 साल की सजा

मथुरा। मथुरा के जवाहर बाग हिंसा के मामले में 45 आरोपियों को दोषी करार दिया गया है. सभी को अधिकतम तीन वर्ष कैद की सज़ा सुनाई गई है. मुख्य अभियुक्त चंदन बोस, उसकी पत्नी पूनम बोस तथा एक अन्य महिला श्यामवती को बरी कर दिया गया है.

### सुनंदा पुष्कर की मौत के मामले में सुनवाई 29 जनवरी तक के लिए स्थगित

नई दिल्ली। सुनंदा पुष्कर की मौत के मामले में दिल्ली की पटियाला हाउस अदालत ने सुनवाई को 29 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दिया है.

### फ्रांस से भारत खरीदेगा 3000 एंटी टैंक मिसाइल

नई दिल्ली। पाकिस्तान और चीन के खतरनाक मंसूबों को देखते हुए केंद्र सरकार ने सेना को मजबूत बनाने के लिए फ्रांस से 3,000 से ज्यादा एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल खरीदने की योजना बनाई है। मिली जानकारी के मुताबिक, सेना इन मिसाइलों को अपनी इंफ्रेंट्री यूनिट्स को और ज्यादा ताकतवर बनाने के मकसद से खरीदने की तैयारी में है। एएनआई ने कहा, सेना फ्रांस से 3,000 से ज्यादा मिलान 2टी एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल फ्रांस से खरीदना चाहती है। भारत ने पिछले वर्ष इजरायल से खरीदी जाने वाली स्पाइक मिसाइलों को खरीदने का प्लान कैंसिल कर दिया था। भारत ने यह कदम इसलिए उठाया था, क्योंकि देश में ही एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल तैयार करने के प्रोग्राम को आगे बढ़ाने का इरादा सरकार ने किया है।

### सीएम अरविंद केजरीवाल को लैंड लाइन पर धमकी भरा कॉल, पुलिस जांच में जुटी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने जानकारी दी है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सुरक्षा अधिकारी ने पुलिस को बताया है कि एक अज्ञात शख्स ने फोन कर कहा कि वह विकास पुरी में रहता है, और वह दिल्ली के मुख्यमंत्री पर हमला कर सकता है. कोई कॉलर ID इंस्टॉल नहीं होने की वजह से कोई अन्य जानकारी उपलब्ध नहीं है.

# 65 से अधिक,15 वर्ष से कम आयु वर्ग के भारतीय आधार का इस्तेमाल कर सकेंगे

**नेपाल, भूटान की यात्रा**

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत के 15 वर्ष से कम और 65 वर्ष से अधिक के नागरिक नेपाल और भूटान की यात्रा के लिए आधार कार्ड का वैध यात्रा दस्तावेज के रूप में इस्तेमाल कर सकेंगे। गृह मंत्रालय की हाल में जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। दोनों पड़ोसी देशों की यात्रा के लिए इन दोनों वर्गों के अलावा अन्य भारतीय आधार कार्ड का इस्तेमाल नहीं कर पायेंगे। दोनों देशों की यात्रा के लिए भारतीयों को वीजा की आवश्यकता नहीं होती।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि नेपाल और भूटान जाने वाले भारतीय नागरिकों के पास यदि वैध पासपोर्ट, भारत सरकार द्वारा जारी एक फोटो पहचान पत्र या चुनाव आयोग द्वारा जारी पहचान पत्र हैं तो उन्हें वीजा की जरूरत नहीं है। इससे पहले, 65 से अधिक और 15 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति इन दो देशों की यात्रा के लिए अपनी पहचान साबित करने के लिए अपना पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, केन्द्र सरकार स्वास्थ्य सेवा (सीजीएचएस) कार्ड या राशन कार्ड दिखा सकते थे लेकिन आधार का इस्तेमाल नहीं कर सकते थे।

गृह मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आधार कार्ड को अब इस सूची में जोड़ दिया गया है। अधिकारी ने कहा, ''अब, 65 वर्ष से अधिक और 15 वर्ष से कम आयु वर्ग के लोगों के लिए वैध यात्रा दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड का इस्तेमाल करने की अनुमति होगी।''

# सीबीआई के नए चीफ के चार उम्मीदवार

## पीएम समेत 3 सदस्यों की कमिटी लेगी फैसला

नई दिल्ली (आरएनएस)। तीन सदस्यों की हाई प्रोफाइल पैनल गुरुवार को सीबीआई के नए प्रमुख की नियुक्ति के लिए बैठक करने जा रही है। इस महत्वपूर्ण कमिटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे और संभावित उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम मुहर लगा सकते हैं। दो अन्य सदस्य कमिटी में होंगे उनमें सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे होंगे। आलोक वर्मा को सीबीआई चीफ के पद से 10 जनवरी को हटा गया और अब सर्वोच्च जांच एजेंसी के प्रमुख का चयन यह हाई प्रोफाइल कमिटी करने जा रही है।

**वाई सी मोदी :** इस रेस में सबसे प्रबल दावेदार 1984 बैच के असम-मेघालय कैडर के इसी आईपीएस अधिकारी को माना जा रहा है। मोदी इस वक्त नैशनल इनवेस्टिगेशन एजेंसी के डायरेक्टर जनरल हैं। गुजरात में 2002 में हुए दंगे की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नियुक्त जांच पैनल में मोदी शामिल थे और इसी कमिटी ने अपनी जांच रिपोर्ट में पीएम नरेंद्र मोदी को क्लीनचिट दी थी। मोदी 2002 दंगों के वक्त गुजरात के मुख्यमंत्री थे।

**रजनीकांत मिश्रा:** बीएसएफ डायरेक्टर जनरल 1984 बैच के अधिकारी उत्तर प्रदेश कैडर के मिश्रा भी रेस के मजबूत दावेदार हैं। मिश्रा पिछले 5 साल से सीबीआई में हैं और इस साल अगस्त में रिटायर होने वाले हैं।

**परमिंदर राय:** 1982 बैच के हरियाणा कैडर के आईपीएस भी रेस के दावेदार हैं, लेकिन वह इसी साल 31 जनवरी को रिटायर हो जाएंगे। राय इस वक्त स्टेट विजिलेंस ब्यूरो के डायरेक्टर जनरल के पद पर तैनात हैं, जिसके कारण वह लिस्ट के सबसे सीनियर अधिकारी हैं। हालांकि, राय के पास सीबीआई में काम करने का अनुभव नहीं है।

**रीना मित्रा:** 1983 बैच की मित्रा गृह मंत्रालय में स्पेशल सेक्रेटरी (आंतरिक सुरक्षा) के पद पर तैनात हैं। उन्होंने 5 साल तक सीबीआई में काम किया है। अगर मित्रा को सीबीआई प्रमुख नियुक्त किया जाता है तो वह देश की पहली महिला सीबीआई प्रमुख होंगी। दिल्ली पुलिस कमिश्नर अमूल्य पटनायक भी इस दौड़ में हैं, लेकिन उनके पास भी सीबीआई में काम करने का अनुभव नहीं है। हालांकि, विजिलेंस एजेंसी में किया उनका काम उनकी दावेदारी को मजबूत करता है।

## माली में आतंकवादी हमला, संयुक्त राष्ट्र के 10 शांति सैनिकों की मौत

मास्को (आरएनएस)। पश्चिमी अफ्रीकी देश माली में रविवार को संयुक्त राष्ट्र के शांति स्थापना मिशन पर हुए आतंकवादी हमले में 10 शांति सैनिक मारे गए और कम से कम 25 अन्य घायल हो गए।



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता ने बताया कि इस हमले में मारे गए सभी शांति सैनिक चाड के थे। संयुक्त राष्ट्र की ओर से जारी वक्तव्य के मुताबिक, महासचिव श्री गुटेरेस ने चाड सरकार और मृतकों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट की है। माली में संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना मिशन ने बताया कि आतंकवादियों ने बख्तरबंद वाहनों में सवार होकर रविवार तड़के यह हमला किया। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र ने 2013 में माली में शांति स्थापना मिशन की शुरुआत की थी।

## सामान्य वर्ग का 10 प्रतिशत कोटा लागू कराने सरकार संस्थानों को देगी अलग से फंड

नई दिल्ली (आरएनएस)। सामान्य वर्ग के आर्थिक आधार पर पिछड़े छात्रों के लिए 10 फीसदी आरक्षण के बाद केंद्र सरकार ने शैक्षिक संस्थानों को निर्देश जारी किया है। 2019-20 के शैक्षिक सत्र में कोटा को लागू करने के लिए सरकार की तरफ से इन संस्थानों को अतिरिक्त धनराशि भी दी जाएगी। केंद्र सरकार की तरफ से संस्थानों को नए कोटा को लागू करने के बाद जरूरी आवश्यकताओं और सीट बढ़ाने संबंधी रिपोर्ट तैयार करने का भी निर्देश दिया है। सरकार ने 40 सेंट्रल यूनिवर्सिटी जिनमें जेएनयू, डीयू, एएमयू, जामिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, विश्व भारती जैसे संस्थानों समेत 77 अन्य केंद्रीय उच्च शैक्षिक संस्थानों से सीट उपलब्धता और आर्थिक जरूरतों की डिटेल्स साझा करने को कहा है।




सभी उच्च शैक्षिक संस्थानों को अपनी रिपोर्ट 31 जनवरी तक जमा करने के लिए कहा गया है। बता दें कि केंद्र सरकार अपनी इस महत्वाकांक्षी पहल को लेकर काफी सक्रिय है और इसी साल से शुरू होने वाले शैक्षिक सत्र (2019-20) से इसे सरकारी शिक्षण संस्थानों में लागू किया जाना है।

## दुनिया के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति की मौत

तोक्यो (आरएनएस)। दुनिया के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति का उत्तरी जापान स्थित उनके घर में निधन हो गया। वह 113 वर्ष के थे। उनके परिवार ने बताया कि मसाजो नोनाका की मौत रविवार को तड़के ओशोरे स्थित उनके घर में हुई। यह स्थान जापान के उत्तर में स्थित होकाइदो के मुख्य द्वीप में मौजूद है।

मसाजो के परिवार ने बताया कि उनकी मौत नैसर्गिक कारणों से हुई।

## जल्लीकट्टू प्रतियोगिता में दो लोगों की मौत

विरालिमलाई (आरएनएस)। तमिलनाडु के विरालिमलाई में रविवार को 1000 सांडों के साथ मेगा जल्लीकट्टू आयोजित करने का रेकॉर्ड सेट किया गया लेकिन दर्शकों में से दो लोगों की मौत होने के बाद सभी का उत्साह ठंडा पड़ गया। कड़ी सुरक्षा और सिक्यॉरिटी के बाद भी सांडों की टक्कर लगने से 32 वर्षीय रामू और 35 वर्षीय सतीश कुमार की रविवार को मौत हो गई। विरालिमलाई में रविवार को दोपहर 1 बजे जब प्रतियोगिता शुरू हुई तो सांड यहां-वहां भागने लगे। इन्हीं में से एक सांड ने रामू और दूसरे सांड ने सतीश को टक्कर मार दी। दोनों को अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। रामू पुडुक्कोट्टई जिले और सतीश त्रिची का निवासी था।

## अभी से हार के बहाने खोजने लगा है विपक्ष, ईवीएम को बताने लगा है विलन:मोदी

मुंबई (आरएनएस)। 2019 लोकसभा चुनाव के लिए ऐक्शन मोड में आ चुके पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को विपक्ष पर करारा तंज कसा। पीएम ने कहा कि विपक्ष के लोगों ने चुनाव से पहले ही हार के बहाने खोज लिए लिए हैं। ये लोग अभी से ईवीएम पर सवाल उठाने लग गए हैं। एक दिन पहले शनिवार को कोलकाता में ममता बनर्जी के मंच पर जुटे विपक्ष पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा, उन्होंने भी गठबंधन किया है और हमने भी किया है। उन्होंने दलों के साथ गठबंधन किया है और हमने देश की सवा सौ करोड़ जनता से किया है। आप लोग बताइए कौन सा गठबंधन ज्यादा बढ़िया है।



मुंबई में कोल्हापुर के बूथ वर्कर्स से बातचीत में पीएम ने ईवीएम को लेकर सवाल उठाने पर विपक्ष को घेरते हुए कहा, ये लोग अभी से ही हार (2019 लोकसभा चुनाव) को लेकर बहाने खोजने लगे हैं। ईवीएम को विलन बताने लगे हैं। यह स्वाभाविक है कि हर राजनीतिक पार्टी चुनाव जीतना चाहती है, लेकिन जब कुछ दलों को जनता का आशीर्वाद मिलता तो वे परेशान हो जाते हैं। वे लोग जनता को बेवकूफ समझते हैं और इसलिए रंग बदल रहे हैं।

**ये नामदारों का बंधन है...अद्भुत संगम है**

इस दौरान ममता की रैली पर सवाल उठाते हुए कहा, वहां मंच पर मौजूद नेताओं में ज्यादातर लोग किसी बड़े नेता के बेटे थे। कुछ ऐसे भी थे जो अपने बेटे-बेटी को सेट करने में लगे हैं। उनके पास धनशक्ति है और हमारे पास जनशक्ति है। महागठबंधन पर तंज कसते हुए मोदी ने कहा, ये गठबंधन एक अनोखा बंधन है। ये बंधन तो नामदारों का बंधन है।

## भारतमाला के तहत 3 हजार किमी एक्सप्रेस-वे की तैयारी

### 4 हजार किमी ग्रीनफील्ड हाइवे बनाने का प्रस्ताव

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने भारतमाला प्रॉजेक्ट के दूसरे चरण के तहत अब कुल 3 हजार किमी के एक्सप्रेस-वे बनाने की तैयारी शुरू की है। भारतमाला प्रॉजेक्ट के दूसरे चरण में सरकार ने कुल 3 हजार किमी के एक्सप्रेस-वे और करीब 4 हजार किमी नए ग्रीनफील्ड हाइवे बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस प्रॉजेक्ट की शुरुआत से पहले भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अब जरूरी तैयारियां करने में जुटा हुआ है।



सरकार साल 2024 तक भारत में 3 हजार किमी नए एक्सप्रेस-वे बनाने की तैयारी कर रही है। नई योजना के तहत वाराणसी-रांची-कोलकाता, इंदौर-मुंबई, बेंगलुरु-पुणे और चेन्नै-त्रिची के बीच एक्सप्रेस-वे बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। सरकार ने इन एक्सप्रेस-वे पर 120 किमी की रफ्तार से वाहन दौड़ाने की अनुमति देने का फैसला किया है। इसके लिए सरकार जल्द ही डीपीआर निर्माण का काम भी शुरू कराने जा रही है।

**तय समय पर काम पूरा कराने का लक्ष्य**

अधिकारियों का कहना है कि भारतमाला प्रॉजेक्ट के पहले चरण के लिए डीपीआर बनाने में ही 2 साल का वक्त लग गया था, ऐसे में फेज-2 के लिए अभी से प्रॉजेक्ट रिपोर्ट बन जाने पर समय और क्वालिटी दोनों का ध्यान रखा जा सकेगा।

## आधार से होगी लावारिस लाश की पहचान

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश भर में लावारिस लाशों की पहचान में आधार कार्ड मददगार साबित हो सकता है। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की राय है कि लावारिस लाशों की पहचान के अब तक जितने तरीके हैं वे फेल हैं और 72 घंटे में पहचान अमूमन नहीं ही हो पाती है। उनका मानना है कि 99 प्रतिशत लावारिस लाशों की पहचान नहीं हो पाती। डॉक्टरों के मुताबिक आधार के बायोमीट्रिक सिस्टम से लावारिस लाश की पहचान एक मिनट में हो सकती है। इसके लिए लंबा इंतजार करने की भी जरूरत नहीं होगी।

## 1962 के भारत-चीन युद्ध के हीरो पर बनी फिल्म को हाईकोर्ट की हरी झंडी

नई दिल्ली (आरएनएस)। 1962 के भारत-चीन युद्ध के एक नायक पर आधारित फिल्म शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट की हरी झंडी मिलने के बाद रिलीज की गई। कोर्ट ने कहा कि शहीद का परिवार निजता के हनन का दावा नहीं कर सकता है क्योंकि उसने



2015 में खुद फिल्म बनाने के लिए सहमति दी थी। जस्टिस विभू बखरू ने कहा कि 72 ऑवर्स-मार्टर हू नेवर डाइड की रिलीज रोकने का कोई कारण नहीं है।

फिल्म राइफलमैन जसवंत सिंह रावत की जिंदगी पर आधारित है। उन्हें 1962 की जंग में अदम्य साहस के लिए मरणोपरांत महावीर चक्र से नवाजा गया था। रावत के परिवार ने फिल्म के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया था और अपनी तथा शहीद की निजता के हनन का दावा किया था। इसके अलावा, उन्होंने फिल्म के निर्माता संध्या एंटरटेनमेंट से रॉयल्टी की मांग के साथ-साथ रावत के किरदार को निभाने वाले अभिनेता को बदलने को कहा था।

प्रॉडक्शन हाउस ने अदालत से कहा कि 2015 में परिवार की सहमति ली गई थी और उनकी ओर से दी गई जानकारी पर ही फिल्म आधारित है।

## उच्च न्यायालय ने जम्मू कश्मीर की दुष्कर्म पीड़िता, उसके पति को पुलिस सुरक्षा दी

नयी दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दुष्कर्म की एक कथित पीड़िता और उसके पति को सुरक्षा दी है। दंपति को अपनी जान को खतरा होने की वजह से जम्मू कश्मीर से स्थानांतरित होकर अस्थायी तौर पर यहां रहना पड़ रहा है। दंपति ने अदालत को बताया कि निजी परिस्थितियों के कारण उन्हें अपना पैतृक स्थान छोड़ना पड़ा और उन्होंने कुछ पुलिस अधिकारियों तथा राजनीतिक कार्यकर्ताओं के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। दंपति ने दावा किया कि महिला पर कथित तौर पर हमला किया गया और उससे बलात्कार किया




गया तथा जम्मू कश्मीर पुलिस ने व्यक्ति को कई दिनों तक हिरासत में रखा और अब वह जमानत पर बाहर है। अदालत ने दिल्ली पुलिस के संबंधित डीसीपी को मामले पर विचार करने और दंपति को फौरन सुरक्षा मुहैया कराने के निर्देश दिए और साथ ही कहा कि सरकार के वकील के अलावा किसी और व्यक्ति को उनके घर का पता ना दिया जाए। न्यायमूर्ति नज्मी वजीरी ने कहा, ''याचिकाकर्ताओं (दंपति) का दिल्ली में पते का खुलासा ना किया जाए। इस अदालत को पूर्व सूचना देने के साथ और प्रक्रिया का पालन कर ही उनका पता दिया जा सकता है।''

## बंदूकधारियों ने 7 लोगों की हत्या की

मेक्सिको सिटी (आरएनएस)। मेक्सिको के कान्कुन शहर में बंदूकधारियों ने एक घर में हो रही पार्टी में शामिल हुए सात युवकों की हत्या कर दी। स्टेट प्रॉसिक्यूटर ने यह जानकारी दी। ट्विंटाना रू अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने बताया कि रविवार को सुबह 5 बजे नरसंहार की जानकारी मिली।

बंदूकधारियों ने कान्कुन के सबसे गरीब इलाकों में से एक में एक घर पर हमला कर दिया। हमलावरों की तलाश शुरू कर दी गई है।

पुलिस ने कहा कि यह ड्रग तस्करों का विवाद हो सकता है।

उन लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में अवैध ड्रग व्यापार करने के संबंध में अपना दबदबा कायम करने को लेकर जलिस्को नूवा जनरेशन कार्टेल, लॉस जेतास कार्टेल और अन्य गिरोहों के बीच विवाद छिड़ हुआ है।

## दुनिया के सबसे प्यारे कुत्ते की दिल टूटने से मौत

**16 लाख लोग करते थे फॉलो**

सैन फ्रान्सिस्को (आरएनएस)। दुनिया में सबसे क्यूट दिखने वाले कुत्ते की हाल ही में मौत हो गई। फेसबुक पर इस कुत्ते के कुल 16 लाख फॉलोअर्स हैं। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह कितना प्यारा था और उसके चाहने वाले कितने थे।



कुत्ते के मालिक ने फेसबुक पर एक पोस्ट शेयर कर इस बात की पुष्टि की कि 12 वर्षीय इस कुत्ते ने शनिवार को दम तोड़ दिया। बू नाम का यह पॉमेरियन काफी फेमस था। बू के अमेरिकन मालिक अकसर ही इस पेज पर बू और उसके साथी की तस्वीरों को शेयर किया करते थे।